भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2632
जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अगस्त, 2026
20 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

2632. **श्री पी. विल्सन:**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई) में की गई हिस्सेदारी बिक्री का कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) ऐसी हिस्सेदारी बिक्री से कितनी राशि प्राप्त हुई है तथा चालू वित्त वर्ष हेतु सरकार का विनिवेश लक्ष्य क्या है;
(ग) क्या सरकार ने सार्वजनिक स्वामित्व तथा नियोजन पर ऐसी हिस्सेदारी बिक्री के प्रभाव का आकलन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) ऐसी हिस्सेदारी बिक्री से प्राप्त आगमों के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में की गई अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्रीयां और इन बिक्रीयों से प्राप्त राशि का विवरण अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न किया गया है।

(ग) और (घ): सरकार भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा अनुमोदित विभिन्न तरीकों के माध्यम से सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री करती है, जिसमें सरकार यह सुनिश्चित करती है कि सरकार कम से कम 51 प्रतिशत शेयरधारिता के साथ नियंत्रण बनाए रखे। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विनिवेश से प्राप्त आय को आरक्षित निधि, अर्थात् लोक लेखा के अंतर्गत राष्ट्रीय निवेश कोष में जमा किया जाता है जिसका उपयोग पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए किया जाता है।

अनुलग्नक-I

वर्ष 2026-27 में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री करके किया गया सीपीएसई का विनिवेश

क्र. सं.	**सीपीएसई का नाम**	**वित्त वर्ष 2026-2027 (करोड़ रुपये)**
1	कोल इंडिया लिमिटेड	5542.36
2	कोच्चि शिपयार्ड लिमिटेड	1711.24
3	इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2081.27
4	एनएचपीसी लिमिटेड	4357.36
5	एनएलसी इंडिया लिमिटेड	1223.57

*****